RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 25 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 333 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र कांग्रेस को एक और बड़ा झटका

## उमरेड विधायक ने इस्तीफे के बाद जॉइन की शिवसेना



**मुंबई,** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले महाराष्ट्र में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है. उमरेड विधायक राजू देवनाथ पारवे ने कांग्रेस से इस्तीफे के बाद शिवसेना जॉइन कर ली है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री अजित पवार की मौजूदगी में राजू पारवे ने शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की. बीजेपी गठबंधन में रामटेक लोकसभा सीट एकनाथ शिंदे को दिए जाने की चर्चा है. इन चर्चाओं के बीच राजू पारवे की शिवसेना में एंट्री हुई है. राजू पारवे के शिंदे समूह में शामिल होने से रामटेक संसदीय सीट पर बीजेपी गठबंधन की ताकत बढ़ सकती है. इसके अलावा, लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राजू पारवे के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस को जोरदार झटका लगा है.

गौरतलब है कि राजू पारवे नागपुर के उमरेड विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक के रूप में चयनित हो कर आए थे. हालांकि, अब उन्होंने कांग्रेस का साथ छोड़ कर शिवसेना जॉइन कर ली है. वहीं, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को भी विधायक पद का इस्तीफा सौंप दिया.

# शरद पवार को एक और बड़ा झटका

## इस बड़े नेता ने छोड़ा साथ, महायुति में शामिल

**मुंबई,** लोकसभा चुनाव से पहले एनसीपी (शरदचंद्र पवार) को बड़ा झटका लगा है. राष्ट्रीय समाज पक्ष के अध्यक्ष महादेव जानकर महायुति में शामिल हो गए हैं. इसके पहले जानकर ठउढ (शरदचंद्र पवार) पक्ष के साथ थे. सूत्रों की मानें तो महादेव जानकर की पार्टी को लोकसभा की एक सीट दी जा सकती है. गौरतलब है कि पिछले 2 महीने से इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग की बात महादेव जानकर से चल रही थी. आज महादेव जानकर ने देवेंद्र फडणवीस को गले लगा लिया.



### एमवीए से जीतने की बात कर रहे थे महादेव

बता दें, अभी तक महादेव जानकर शुक्रवार 22 मार्च तक यह कह रहे थे कि महा विकास आघाडी से उन्हें टिकट मिलता है तो वह माढा लोकसभा सीट से ढाई लाख वोट के अंतर से जीतेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि वह बारामती में शरद पवार की सांसद बेटी सुप्रिया सुले की भी मदद करेंगे. माढा सीट से बीजेपी ने सांसद रंजीत निंबालकर को ही फिर से उम्मीदवार बनाया है.

मालूम हो, लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी और महायुति के बीच सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया है. जो हालत महाविकास आघाडी के नेताओं की है, वही स्थिति सत्ताधारी महागठबंधन की बन गई है. इन सबके बीच चर्चा है कि ये सारे फैसले अब दिल्ली के जिम्मे आ गए हैं क्योंकि मुंबई से यह फैसला नहीं हो पा रहा है.

### एकनाथ शिंदे की जीती हुई सीट चाहते हैं अजित पवार

महागठबंधन में नासिक की सीट शिंदे गुट की है, लेकिन उस सीट पर बीजेपी और अजित पवार की एनसीपी ने भी दावा किया है. यह स्थिति रामटेक कोल्हापुर और रत्नागिरी सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्रों में भी देखी गई है.

# पुलिस अधिकारी का अपना बेटा ही चला रहा था देह व्यापार का धंधा... 2 गिरफ्तार



**मुंबई,** पुलिस के एक अधिकारी के बेटे को सेक्स रैकेट के मामले में गिरफ्तार किया गया है. आरोपी का नाम अश्विन कदम है. पुलिस ने इस ऑपरेशन में एक महिला कृतिका लाड (उम्र 31) को भी गिरफ्तार किया है और तीन पीड़ितों को बचाया गया है। ठाणे क्राइम ब्रांच की मानव तस्करी विरोधी सेल ने गुरुवार (21 तारीख) को यह कार्रवाई की. अश्विन कदम सांताक्रूज के रहने वाले हैं। चैंबर को जानकारी मिली कि अश्विन ठाणे नगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के विश्वास वेज होटल में वेश्यावृत्ति के लिए महिलाओं को ला रहा है।

इसके मुताबिक पुलिस ने जाल बिछाया और फर्जी ग्राहक भेजकर 15 हजार रुपये में लेनदेन तय कर लिया. पैसे लेते ही पुलिस ने कदम को गिरफ्तार कर लिया.




# बीजेपी ने कंगना रनौत को हिमाचल की मंडी सीट से दिया टिकट, एक दिन पहले कहा था 'माता की कृपा होगी तो लड़ूंगी चुनाव'

- लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की पांचवी लिस्ट
- हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से अभिनेत्री कंगना रनौत को टिकट
- हिमाचल की कांगड़ा लोकसभा सीट से डॉ राजीव भारद्वाज को बनाया उम्मीदवार

**शिमला:** लोकभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने उम्मीदवारों की पांचवी लिस्ट जारी कर दी है। बीजेपी की इस लिस्ट में कई राज्यों के 111 उम्मीदवारों के नाम हैं। इसमें हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से अभिनेत्री कंगना रनौत को टिकट दिया गया है। इसके अलावा हिमाचल की कांगड़ा लोकसभा सीट से डॉ राजीव भारद्वाज को उम्मीदवार बनाया गया है।

### कंगना रनौत ने एक दिन पहले ही कहा था लड़ूंगी चुनाव

इससे एक दिन पहले कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में बगलामुखी मंदिर में देवी से आशीर्वाद लिया था। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या वो चुनाव लड़ेंगी, तो कंगना ने कहा था कि माता की कृपा होगी, तो वह मंडी संसदीय क्षेत्र से जरूर चुनाव लड़ेंगी।



### जन्मदिन के दिन दिया था बयान

दरअसल एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अपने जन्मदिन पर बगलामुखी मंदिर का दौरा किया था। यह मंदिर देवी बगलामुखी को समर्पित है। कंगना ने मंदिर से कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर माता की कृपा होगी, तो वो जरूर चुनाव लड़ेंगी।

### हिमाचल में दो सीटों पर पहले घोषित हुए थे उम्मीदवार

बीजेपी ने 13 मार्च को जारी उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट में हिमाचल प्रदेश की चार में से दो लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इसमें बीजेपी ने अनुराग ठाकुर और सुरेश कश्यप के नामों पर मुहर लगाई थी। पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के दिग्गज नेता पीके धूमल के बेटे और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर हमीरपुर से चार बार के सांसद हैं जबकि बीजेपी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुरेश कश्यप दूसरी बार शिमला (अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित) सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### गलत सूचनाओं के प्रसार का मुकाबला

सर्वोच्च न्यायालय ने उस अधिसूचना पर रोक लगा दी जिसके तहत पत्र सूचना ब्यूरो के अधीन एक फैक्ट चेकिंग यूनिट (तथ्यों की जांच करने वाली इकाई) की स्थापना की जानी थी। न्यायालय ने कहा कि इस पर तब तक रोक रहेगी जब तक बंबई उच्च न्यायालय सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। इस बीच गूगल और मेटा जैसी डिजिटल क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां चुनाव के दौरान गलत सूचनाओं के प्रसार का मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही हैं। वे जांच के लिए नए टूल विकसित करने और तथ्यों की जांच करने वालों (फैक्ट चेकर) को प्रशिक्षण देने के अलावा दोनों अन्य संस्थानों द्वारा संचालित तथ्यों की जांच संबंधी पहलों में भी शामिल होंगी और भारत निर्वाचन आयोग के साथ तालमेल में काम करेंगी।

2019 में सभी बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने अपने-अपने स्तर पर गलत सूचनाओं को रोकने का प्रयास किया था और उसके मिलेजुले नतीजे सामने आए थे। 2024 में यह अभियान अधिक तालमेल के साथ चलाया जा रहा है। 40 से अधिक बड़े बहुराष्ट्रीय संस्थानों ने म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस बात पर सहमति जताई कि वे 2024 में वैश्विक स्तर पर मिलकर चुनावों से संबंधित गलत जानकारियों का मुकाबला करेंगे। जोखिम बहुत बढ़ गया है क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस अब राजनेताओं से जुड़ी वास्तविक प्रतीत होने वाली दृश्य-श्रव्य सामग्री बना सकता है। इन डिजिटल दिग्गजों को विभिन्न समाचार माध्यमों के साथ तालमेल में काम करना होगा ताकि भ्रामक सूचनाओं को रोका जा सके, मतदाताओं से हस्तक्षेप सीमित हो सके और विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।


यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि मेटा के पास फेसबुक, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम का मालिकाना है जबकि गूगल के पास यूट्यूब और अपना सर्च इंजन है। इससे जुड़ी रणनीतियों में स्वतंत्र फैक्ट चेकर और स्थानीय सामग्री रचनाकारों और प्रकाशकों के साथ जुड़ाव, तथ्यों की जांच, जांच के संसाधन और गलत सूचनाओं को लेकर चेतावनी जारी करने के लिए सहयोगी मंच प्रदान करना शामिल है। इरादा ऐसी सामग्री को वायरल होने से रोकना है। मेटा पहले ही गलत सूचनाओं को हटा देता है। इसमें मतदान को प्रभावित करने वाली तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री शामिल है। उसका दावा है कि उसके पास 15 भारतीय भाषाओं में स्वतंत्र तथ्य जांचने वालों का नेटवर्क है। उसके पास व्हाट्सऐप हेल्पलाइन है जो संदिग्ध जानकारियों को रिपोर्ट करने या उनकी पुष्टि करने में मदद करता है। गूगल प्रकाशकों के लिए एक साझा भंडार तैयार करेगा ताकि गलत सूचनाओं से निपटा जा सके। कई भाषाओं और स्वरूपों में, जिनमें वीडियो भी शामिल हैं, फैक्ट चेक को साझा किया जाएगा और गूगल के साझेदारों की मदद से उन्हें बढ़ावा दिया जाएगा। दोनों कंपनियां फैक्ट चेकिंग के उन्नत तरीकों को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन करेंगी। इसमें डीप फेक का पता लगाना और गूगल फैक्ट चेक एक्सप्लोरर और मेटा कंटेंट लाइब्रेरी की शुरूआत शामिल है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# 2025 तक कैसे संभव होगा टीबी एलिमिनेशन?

## 50 % टीबी संक्रमित दो महीने बाद पहुंचते हैं केंद्र




**मुंबई:** भारत सरकार ने टीबी एलिमिनेशन के लिए 2025 तक लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत भी की जा रही है, लेकिन यह लक्ष्य का 2025 में पूरा होना संभव नहीं है। राज्य टीबी नियंत्रण कक्ष के अधिकारियों के अनुसार टीबी से संक्रमित व्यक्ति को लक्षण आने के बाद 15 से 20 दिन के भीतर जांच और उपचार शुरू होना चाहिए, लेकिन राज्य में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां अब भी लोग लोकल डॉक्टर से दवा लेते हैं और जांच कराने में देरी करते हैं। लगभग 50 फीसदी लोग टीबी के लक्षण होने के बावजूद दो महीने बाद अस्पताल में जांच के लिए पहुंचते हैं। यही कारण है कि उनकी बीमारी भी बढ़ जाती है और देरी के चलते वे अनजाने में दूसरों को भी संक्रमण फैलाने का काम करते हैं। जब टीबी जांच के लिए कहा जाता है, तो उनके लिए यह स्वीकारना कठिन होता है कि क्या उन्हें टीबी हो सकता है। इसी चक्कर में देर होती है और बीमारी का पता चलने में देरी हो जाती है। मुंबई स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि मुंबई को 2025 तक टीबी मुक्त करना मुमकिन नहीं है। कम जगह और घनी आबादी, कुपोषण और लापरवाही के बीच टीबी से निपटने के लिए माइक्रो प्लानिंग की जरूरत है।

टीबी एक्टिविस्ट गणेश आचार्य ने बताया, घर में चूल्हा तो जला दिया, लेकिन पकाने को कुछ है नहीं। उसी प्रकार देश को टीबी मुक्त करने की घोषणा की गई, लेकिन इसको लेकर पॉलिटिकल विल नहीं देखने को मिला है। कभी बेडाकुलिन दवा नहीं है, तो पिछले वर्ष, मल्टी ड्रग रेसिस्टेंस टीबी की दवाइयां नहीं थी। अब कई राज्यों में नॉर्मल टीबी की दवाइयों की किल्लत है। देरी से टेंडरिंग करने के चलते यह समस्या हो रही है। मुंबई में सीबीनेट जांच मशीन में लगने वाले कार्ट्रिज ही नहीं थे। उक्त घटनाक्रम बताता है कि सरकार टीबी मुक्त भारत को लेकर कितनी प्रयत्नशील हैं। कई देश में टीबी के इलाज के लिए छोटे कोर्स हो रहे हैं, लेकिन हम अब भी लंबे कोर्सेस चला रहे हैं। यदि यही केंद्र की कार्यप्रणाली रही, तो टीबी मुक्त के बजाय समस्या और गंभीर होगी।

मुंबई की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह ने बताया कि मुंबई में ओवरक्राउडिंग की समस्या सबसे गंभीर है। छोटे से घर में 6 से 7 लोग रहते हैं। ऐसे में एक सदस्य को भी टीबी संक्रमण होता है, तो एक दूसरे के कॉन्टैक्ट में आकर दूसरे को भी संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। राज्य स्वास्थ्य विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. सुनीता गोलहाईट ने बताया कि न केवल मुंबई बल्कि ठाणे, नागपुर, पुणे जैसे मेट्रो सिटी में टीबी से संक्रमित होने वालों की संख्या अधिक होती है।

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के बेटे का भाषण छात्रों को सुनने के लिए किया गया मजबूर...





**मुंबई :** विपक्षी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि मुंबई के कांदिवली इलाके में एक कॉलेज के छात्रों को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के बेटे ध्रुव गोयल का भाषण सुनने के लिए मजबूर किया गया। पीयूष गोयल मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार हैं।

शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया कि छात्रों को ध्रुव गोयल के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मजबूर करने के वास्ते उनका परिचय पत्र जब्त कर लिया गया। वहीं, राकांपा (शरदचंद्र पवार) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने एक्स पर एक वीडियो अपलोड किया जिसमें एक छात्र आपत्ति उठाते हुए दिखता है। विवाद के बाद, ठाकुर कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, विशेष रूप से पहली बार मतदाताओं को आगामी आम चुनाव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना था, लेकिन मामले की समीक्षा की जा रही है। कॉलेज ने ध्रुव गोयल का एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें वह छात्रों से माफी मांगते हुए यह कहते सुनाई देते हैं कि ऐसा (कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिचय पत्र लेना) दोबारा नहीं होगा। इस बीच, आव्हाड ने कहा कि अगर इस प्रकरण में कॉलेज अधिकारियों द्वारा छात्रों को परेशान किया जाता है तो वह हर तरह से उनकी मदद करेंगे।

## 1 महीने में मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई... जब्त किए 3.25 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ, 12 तस्कर गिरफ्तार



**मुंबई:** मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने पिछले एक महीने में 16 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए हैं जिसकी अनुमाति कीमत 3.25 करोड़ रुपये है और इस संबंध में 12 तस्करों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एएनसी के अधिकारी ने बताया कि सहार गांव, नालासोपारा, सांताक्रूज, कुर्ला, भायखला और अन्य इलाकों से लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग मात्रा में मेफेड्रोन (एमडी), हेरोइन और गांजा समेत नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सहार गांव से एक व्यक्ति, नालासोपारा से दो, सांताक्रूज से तीन, दक्षिण मुंबई से दो, भायखला से एक व्यक्ति और कुर्ला से एक नाइजीरियाई नागरिक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 2.24 करोड़ रुपये की एमडी जब्त की। उन्होंने बताया कि एक अन्य व्यक्ति के पास से अंधेरी से गांजा और हीरोइन बरामद होने के गिरफ्तार किया गया है। इस मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 1.02 करोड़ रुपये है। अधिकारी ने बताया कि एएनसी ने 2023 में नशीले पदार्थों के संबंध में 106 मामले दर्ज किए, 229 तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 53.23 करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थ बरामद किए। उन्होंने बताया कि इस साल अब तक 17 मामले दर्ज किए जा चुके हैं और 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से 23.59 करोड़ रुपये मूल्य के 30.843 किलोग्राम नशीले पदार्थ और 4.05 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं।

## शिवडी में खुले नाले में पांच मजदूर गिर गए... एक की मौत, एक गंभीर



**मुंबई:** रविवार की सुबह शिवडी रेलवे स्टेशन पर एक वर्षा जल चैनल पर काम चल रहा था, जिसके दौरान पांच मजदूर एक खुले नाले में गिर गए। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई और चार मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. इनमें से एक की हालत गंभीर है. ऐसी ही एक घटना शिवडी में हुई है जबकि मलाड में टॉयलेट टैंक की सफाई के दौरान तीन मजदूरों की मौत हो गई. घटना शिवडी के हाजी बंदर रोड इलाके में एलएंडटी गेट नंबर एक के पास हुई. हादसा रविवार सुबह 6:50 बजे हुआ. इस क्षेत्र में मुंबई नगर निगम का बरसाती नाला विभाग काम कर रहा है. इसी दौरान पांच मजदूर खुले नाले में गिर गये. इन ठेका श्रमिकों को इस काम के लिए नियुक्त ठेकेदार द्वारा लाया गया था। ये सभी मजदूर 20 से 25 साल की उम्र के हैं. इन सभी पांचों मजदूरों को स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला और केईएम अस्पताल में भर्ती कराया. उस वक्त डॉक्टरों ने 19 साल के मजदूर मेहबूब इस्माइल को पहले ही मृत घोषित कर दिया था. चार अन्य श्रमिकों का इलाज चल रहा है, जिनमें से 25 वर्षीय श्रमिक सलीम की हालत गंभीर है। तीन मजदूर शफाकुल (22), कोरेम (35), मोजलीन (30) अस्पताल में भर्ती हैं।




# महाविकास अघाड़ी फंसी इन 4 सीटों पर... तीनों पार्टियों की प्रतिष्ठा दांव पर

मुंबई : लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है और ऐसा लग रहा है कि राज्य में महाविकास अघाड़ी और महायुति के बीच संग्राम शुरू हो गया है. इस चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल तैयारियों में जुटे हैं, लेकिन सीटों के बंटवारे का मसला अब भी नहीं सुलझ पाया है. महाविकास अघाड़ी में अभी भी चार से पांच सीटों पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है. इनमें से तीन सीटों पर विवाद चरम पर है और संभावना जताई जा रही है कि विवाद दिल्ली में ही सुलझ पायेगा.

### महाविकास अघाड़ी में कौन सी सीटें?

सांगली पहली सीट है जहां महाविकास अघाड़ी में हलचल चल रही है. सांगली सीट पर शिवसेना ठाकरे गुट ने चंद्रहार पाटिल की उम्मीदवारी की घोषणा की है. लेकिन इस सीट पर कांग्रेस के विशाल पाटिल की भी दिलचस्पी है. दूसरा स्थान भिवंडी है. भिवंडी कांग्रेस का पारंपरिक निर्वाचन क्षेत्र है. लेकिन इस बार इस सीट पर शरद पवार गुट ने दावा किया. कांग्रेस से दयानंद चोरघे और शरद पवार गुट से सुरेश म्हात्रे के बीच जबरदस्त खींचतान नजर आ रही है.



रामटेक सीट को लेकर कांग्रेस और शिवसेना ठाकरे गुट में खींचतान चल रही है. नितिन राउत के बेटे कुणाल राउत कांग्रेस से रामटेक सीट के इच्छुक हैं. कांग्रेस की ओर से रश्मि बर्वे के नाम पर भी चर्चा चल रही है. लेकिन इस सीट पर शिवसेना ठाकरे समूह ने भी दावा किया है. दक्षिण मध्य मुंबई सीट पर भी कांग्रेस और शिवसेना ठाकरे गुट के बीच खींचतान चल रही है. कांग्रेस की ओर से वर्षा गायकवाड़ का नाम आगे बढ़ाया गया है. शिवसेना के ठाकरे गुट से अनिल देसाई का नाम चर्चा में है.

### प्रकाश अंबेडकर का दावा है कि पांच सीटों पर विवाद है

प्रकाश अंबेडकर ने दावा किया कि महाविकास अघाड़ी में पांच सीटों पर विवाद है. उन्होंने पहले ही जवाब दे दिया था कि उनके बीच विवाद है, फिर हम उनका क्या करें. राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र अवध ने दावा किया कि महाविकास अघाड़ी में सीटों का बंटवारा तय हो चुका है और किसी भी सीट पर कोई विवाद नहीं है.

### दिल्ली की बैठक में अंतिम फैसला होने की संभावना है...

**महाविकास अघाड़ी और महायुति एक-दूसरे के उम्मीदवारों की सूची का इंतजार कर रहे हैं. दूसरी ओर, महायुति की तरह महाविकास अघाड़ी में भी सीटों के बंटवारे का पेंच नहीं सुलझ पाया है. सांगली, भिवंडी और रामटेक की तीन सीटों पर विवाद अब चरम पर पहुंच गया है. इसलिए दिल्लीवालों की मध्यस्थता के बाद ही यह विवाद सुलझेगा. इसलिए यह देखना अहम होगा कि ये तीन सीटें किस पार्टी को मिलेंगी और महाविकास अघाड़ी में क्या समीकरण होंगे.**

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गढ़ है



**ठाणे :** यह ठाणे लोकसभा सीट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को मिलना लगभग तय है। शिंदे के लिए यह सीट प्रतिष्ठा की है, लेकिन उचित, दमदार, जिताऊ उम्मीदवार नहीं होने के चलते शिंदे शिवसेना में बेचैनी बरकरार है। ठाणे लोकसभा सीट पर शिंदे शिवसेना की दावेदारी को लेकर मीरा-भाईंदर बीजेपी में नाराजगी है। पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता और उनके समर्थकों ने चेतावनी दी है कि शिंदे शिवसेना के लिए काम नहीं करेंगे, इसलिए यह सीट मुख्यमंत्री के गले की हड्डी बन गई है। ऐसे में, चर्चा है कि शिंदे गणेश नाईक पर दांव लगा सकते हैं। संभावना है कि ठाणे से मीरा-भाईंदर, नवी मुंबई के एरोली-बेलापुर तक पहचान बनाने वाले गणेश के बेटे पूर्व सांसद संजीव नाईक शिंदे शिवसेना का धनुष-बाण लेकर चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। दूसरी तरफ, नाईक के नाम को लेकर शिंदे शिवसेना में आपस में लोग एकमत नहीं हैं।

# सीट शेयरिंग का नहीं निकल रहा हल - देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र की सीटों का बंटवारा दो दिन में हो जाएगा। यह कहना है उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का। दिल्ली में चुनाव से संबंधित बैठकों में भाग ले रहे फडणवीस का कहना है कि सीट बंटवारे का काम 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। बीजेपी, शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी के बीच सीट शेयरिंग का काम दो दिन में पूरा हो जाएगा। जानकारी के अनुसार, उप मुख्यमंत्री फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार शनिवार को दिल्ली पहुंचे। जहां पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में बीजेपी ने अपनी ज्यादातर सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। हम सहयोगी दलों के संपर्क में हैं। जल्द ही वे बाकी उम्मीदवारों की घोषणा कर देंगे। राज ठाकरे के महायुति में शामिल होने पर फडणवीस ने कहा कि अभी वे बस इतना ही कह सकते



हैं कि बातचीत चल रही है। अभी निर्णय नहीं लिया गया है।

छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज भी इस लोकसभा चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। कांग्रेस ने कोल्हापुर सीट से शाहू महाराज को टिकट दिया है, जबकि सातारा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए उदयन राजे भोसले बीजेपी से उतरना चाहते हैं। इसके लिए वह दिल्ली में डेरा जमाए बैठे हैं।


उन्होंने कहा कि संभवतः देर रात उनकी मुलाकात गृहमंत्री से हो जाए। सातारा लोकसभा सीट को लेकर अजित पवार गुट और बीजेपी के बीच खींचतान चल रही है। यह सीट एनसीपी की परंपरागत सीट रही है। सतारा सीट पर नरेंद्र पाटील ने दावा ठोक दिया है। उनका कहना है कि पिछले चुनाव में जब सातारा लोकसभा सीट पर उदयनराजे के खिलाफ कोई उम्मीदवार लड़ने को तैयार नहीं था, तब बीजेपी ने उन्हें शिवसेना में जाकर चुनाव लड़ने का आदेश दिया था। चुनाव लड़ा और साढ़े चार लाख वोट मिले। छत्रपति उदयनराजे और मेरे मतों में 30 से 35 हजार का अंतर था। उन्होंने कहा कि उदयनराजे पिछले तीन दिन से दिल्ली में हैं, लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो पा रही है। उन्हें धैर्य रखना चाहिए।

आदर्श आचार संहिता के बीच चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में कार्रवाई कर 23 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। इसके अलावा 17 लाख लीटर शराब पकड़ी है। राज्य के चुनाव अधिकारी एस. चोक्कलिंगम ने दावा किया कि निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए आयोग सतर्क है।

# मैं जातिवाद नहीं करूंगा...

## सांप्रदायिकता नहीं करूंगा और "सबका साथ, सबका विकास, सबका" के आधार पर काम करूंगा - नितिन गडकरी

**नागपुर :** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार में जुटी नजर आ रही है. इसी कड़ी में नागपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी नितिन गडकरी का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि मैंने जातिवाद खत्म करने का फैसला किया है. नागपुर मेरा परिवार है. आप मेरे हैं और मैं आपका हूं. मैं जातिवाद नहीं करूंगा, सांप्रदायिकता नहीं करूंगा और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका' के आधार पर काम करूंगा. पीएम मोदी ने यही नारा दिया है और यही हमारा मंत्र है.



**'आपातकाल में हमारे बारे में दुष्प्रचार फैलाया'**


केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आगे कहा कि बीआर अंबेडकर का संविधान हमारी आत्मा है. समाज में समानता स्थापित करना हमारा मिशन है. संविधान बदलने का सवाल ही नहीं उठता. जिन्होंने 80 बार संविधान तोड़ा. आपातकाल ने हमारे बारे में दुष्प्रचार फैलाया. जब वे नहीं समझ पाते तो लोगों को भ्रमित करने की कोशिश करते हैं. कोई भी व्यक्ति जात, पंथ, भाषा, लिंग और पार्टी के कारण बड़ा नहीं होता वो व्यक्ति अपने कार्यों और गुणवता से बड़ा होता है.

**'भ्रष्टाचार का कोई आरोप नही लगा सकता'**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अच्छे कार्यों पर किसी का पैटेंट नहीं होता, मैं बहुत साफ विचार रखता हूं चुनाव में दवाब की राजनीति में मुझे दबने का कोई विचार नहीं होता. ईमानदारी के साथ मैं 50 लाख करोड़ रूपए के काम कर सका. उन्होंने दावा किया कि मुझपर कोई भ्रष्टाचार का कोई आरोप नही लगा सकता. कोई आदमी अंधेरे में अगर कह दे कि मुझे काम करने के लिए पैसे देने पड़े तो मैं अपनी राजनीति छोड़ दूंगा, मैं उसके लिए भी तैयार हूं. मैं कार्यकर्ताओं को अपने अनुभव से कहता हूं कि अपना स्वास्थ्य अच्छा रखिए. राजनीति में सबसे बड़ा कैपिटल अगर कोई है तो वो जनता का प्रेम है वहीं जनता का सबसे बड़ा कैपिटल है.

# मानसिक रोगियों को हाईकोर्ट से राहत... स्वस्थ्य व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु योजना तैयार करने के निर्देश

**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को उन मरीजों के पुनर्वास के लिए छह महीने के भीतर एक व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया है, जो मरीज की मानसिक स्थिति में सुधार होने के बाद भी वर्षों से मनोरोग अस्पतालों में भर्ती हैं। 2009 में एक महिला को ठाणे के क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 2014 में वह पूरी तरह ठीक हो गईं; लेकिन फिर भी उसके पति ने उसे घर ले जाने से मना कर दिया। इसलिए महिला 2021 तक अस्पताल में ही रही। यह मामला तब सामने आया जब फैमिली कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया। मनोचिकित्सक डॉ. का दावा है कि अस्पताल में एक महिला की जिंदगी के बारह साल बर्बाद हो गए हैं और ऐसे कई मामले हो रहे हैं. इस मामले में वकील हरीश शेट्टी. प्रणति मेहरा के जरिए बॉम्बे हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी।



मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, यदि कोई मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति ठीक हो गया है, तो उसे मानसिक स्वास्थ्य समीक्षा बोर्ड द्वारा प्रमाणित किया जाता है। इसके बाद वह अपने रिश्तेदारों के पास घर जा सकते हैं। यह मरीजों के अधिकारों की रक्षा करता है। शेट्टी ने मांग की कि अदालत ऐसे अन्य मामलों की जांच के लिए एक समिति नियुक्त करे. यह दलील लीजिए. नितिन जामदार की बेंच ने फैसला सुनाया.

**चार मनोरोग अस्पतालों में 475 मरीज**

ठाणे, नागपुर, पुणे और रत्नागिरी के चार सरकारी मनोरोग अस्पतालों में लगभग 475 रोगियों को उनकी मानसिक स्थिति में सुधार के बावजूद अस्पताल से छुट्टी नहीं दी गई है। परिजनों के आगे नहीं आने से उनके पुनर्वास की समस्या खड़ी हो गयी है।



# मुंबई का सायन रेलवे ओवर ब्रिज 28 मार्च से 2 साल के लिए बंद !



**मुंबई :** ब्रिटिश काल का सायन रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी), जिसका पुनर्निर्माण किया जा रहा है, 28 मार्च, 2024 से कम से कम दो साल के लिए यातायात के लिए बंद कर दिया जाएगा। 27-28 मार्च की दरमियानी रात को पुल बंद रहेगा। विध्वंस पहले 20 जनवरी को निर्धारित किया गया था, लेकिन स्थानीय निवासियों के विरोध और सांसद राहुल शेवाले के हस्तक्षेप के बाद इसे रोक दिया गया था।विध्वंस की अगली तारीख 28 फरवरी निर्धारित की गई थी, हालांकि, एचएससी और एसएससी बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले छात्रों को असुविधा से बचाने के लिए इसे फिर से स्थगित कर दिया गया था। एचएससी परीक्षा 19 मार्च को समाप्त हो गई और एसएससी परीक्षा 26 मार्च को समाप्त होगी।

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''पुल का पुनर्निर्माण 24 महीने में यानी जनवरी 2026 तक किया जाएगा।'' आरओबी, जो धारावी, एलबीएस रोड और ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे को जोड़ता है, का निर्माण मध्य रेलवे (सीआर) पर सीएसएमटी और कुर्ला के बीच पांचवीं और छठी लाइन बिछाने के लिए अधिक जगह देने के लिए किया जा रहा है। ब्रिटिश-युग के पुल के बंद होने से सांताक्रूज-चेंबूर लिंक रोड जैसे अन्य पूर्व-पश्चिम कनेक्टर्स पर भीड़भाड़ होने की उम्मीद है, जो ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे को एलबीएस रोड से जोड़ता है और धारावी की ओर जाता है। पुल की वर्तमान लंबाई 27 मीटर है, जिसमें एक खंभा 13 मीटर और दूसरा 14 मीटर है। नए पुल का सिंगल स्पैन 52 मीटर होगा, जिससे ट्रैक बिछाने का काम करने के लिए पर्याप्त जगह खुल जाएगी।

# चुनाव अवधि के दौरान हथियार रखने पर प्रतिबंध...

## जिला कलेक्टर किसन जावले ने कहा पुलिस के पास हथियार जमा करे

**मुंबई :** चुनाव आयोग ने लोकसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है और सभी जगह आदर्श आचार संहिता का पालन किया जा चुका है. जिले में लोकसभा आम चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला कलेक्टर किसन जावले ने विभिन्न मामलों में प्रतिबंध के आदेश लगाए हैं. चुनाव अवधि के दौरान हथियार रखने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लाइसेंस धारकों को नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के सर्कल -2 के पनवेल क्षेत्र में पुलिस



स्टेशन में अपने हथियार पुलिस के पास जमा करने के लिए कहा गया है। आचार संहिता लागू होने के साथ ही थाने के हिसाब से लाइसेंसी हथियार धारकों से संपर्क किया जा रहा है। नवी मुंबई पुलिस कमिश्नरेट ने जानकारी दी है कि चुनाव के बाद लाइसेंस धारकों को हथियार दोबारा जारी किए जाएंगे. नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय सीमा के भीतर हथियार लाइसेंस धारकों को अपने हथियार निकटतम संबंधित पुलिस स्टेशनों में जमा करने का आदेश दिया गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण हाल ही में नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय की विशेष शाखा के तहत काम करने वाले हथियार विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गई थी।इसके अनुसार शस्त्र लाइसेंस धारकों से संपर्क कर उनके शस्त्र कब्जे में लेने का आदेश दिया गया है। इसके अनुसार शस्त्र लाइसेंस रखने वाले व्यक्तियों से संपर्क किया जा रहा है। नियमों के मुताबिक आचार संहिता लागू होने के बाद से लाइसेंसी हथियार धारकों को अपने हथियार संबंधित थाने की गोपनीय शाखा में जमा कराने होंगे. यह आदेश 6 जून तक लागू रहेगा.

### सरकारी परिसरों में भी रोक...

**चुनाव अवधि के दौरान कलेक्टर कार्यालय, समस्त अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, समस्त तहसील कार्यालय, समस्त शासकीय कार्यालय एवं विश्राम गृहों में किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी प्रकार का चुनाव प्रचार करना, जैसे मार्च करना, बैठकें करना, उपवास करना, सत्याग्रह करना, किसी भी प्रकार के नारे लगाना, संगीत वाद्ययंत्र बजाना या गाना गाना प्रतिबंधित है।**

# मुंबई में एक खुले ड्रेन में गिरे 5 लोग, 1 की मौत; 4 का इलाज जारी...



**मुंबई :** मुंबई में एक खुले ड्रेन में 5 लोगों के गिरने का हादसा सामने आया है. जानकारी के मुताबिक, हादसे में एक की मौत हो गई और बाकि 4 का इलाज किया जा रहा है. यह घटना 23 मार्च को देर रात सेवरी गाडी बंदर के पास, एल एंड टी गेट नंबर 1, हाजी बंदर रोड, रूपजी कांजी चॉल के पास हुई है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, एमएफबी की टीम मौके पर पहुंची. सभी लोगों को एक लोकल द्वारा बाहर निकाला गया और इलाज के लिए उन्हें जल्द से जल्द केईएम अस्पताल में भर्ती कराया गया. यहां इलाज के दौरान 19 वर्षीय महबूब इसमाइल की मौत हो गई. वहीं 25 वर्षीय सलीम की हालत गंभीर बनी हुई है. इसके अलावा 35 वर्षीय कोरेम और 30 वर्षीय मोसालिन की हालत स्थिर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है.

# एआईयू मुंबई ने सोने की तस्करी के आरोप में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** एआईयू मुंबई ने सोने की तस्करी के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक एरियानायगम रामया पांडियन है, जो अंतराष्ट्रीय एअरपोर्ट पर एक बर्गर कंपनी के स्टॉल पर काम करता था। सीआईएसएफ कर्मी ने उसे सीआईएसएफ के पश्चिमी पोस्ट से बाहर निकलने समय रोका और जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से बेल्ट और बेल्ट के पीछे छिपाया हुआ सोने से भरा 06 अंडाकार कैप्सूल छिपा था। इसमें मोम में 24 कैरेट सोने का डस्ट होने की पुष्टि हुई है।

एआईयू से मिली जानकारी के मुताबिक बरामद किया गया सोना



3479 ग्राम है, इसका शुद्ध करने के बाद वजन 3200 ग्राम है। जब्त किए गए शुद्ध सोने का मूल्य 1 करोड़, 86 लाख, 52 हजार 800 रुपये है। इससे एआईयू को पता चला कि पांडियन एक तस्करी रैकेट का हिस्सा हो सकता है। वह टी-2, सीएसएमआई हवाई अड्डे पर सोना प्राप्त करना और उसे बांद्रा टी-जंक्शन के आसपास दो लोगों को देना था। इस गिरोह को एंथोनी नामक शख्स द्वारा चलाया जाता था। जो दोनों को निर्देश देता था कि सोना किसे और कहां देना है।

**गोल्ड लेने के लोय होटल में रुकते थे आरोपी**

जानकारी के मुताबिक नूरुल हसन और कलंदर अजरुद्दीन कमरा नंबर 10, होटल स्टार्स, मस्जिद बंदर इलाके में रुकते थे। इसके बाद उक्त होटल के कमरा नंबर 10 की तलाशी ली गई, इस दौरान, एक पन्ने पर कुछ लेनदेन का उल्लेख करने वाली एक डायरी और 3,82,000/- नकद रुपये बरामद किए गए।

**एक बार सोना देने के मिलते थे डेढ़ लाख से अधिक**

पांडियन द्वारा एआईयू को दी गई जानकारी के मुताबिक उसकी भूमिका हवाई अड्डे पर सोना प्राप्त करने और रुपये के मौद्रिक विचार के लिए नूरुल हसन और कलंदर अजारुद्दीन को सौंपने की थी। जिसके लिए एंथोनी से आरोपियों को 3 लाख रुपये मिलते थे। इसमें से 1 लाख 80 हजार रुपये पांडियन को दिया जाता था।

### सोने का डस्ट लेने आनेवाले दो लोग गिरफ्तार

**एआईयू से मिली जानकारी के मुताबिक नूरुल हसन जे और कलंदर अजरुद्दीन नामक दो व्यक्तियों को वह डस्ट सौंपना था। उसने फोन कर डस्ट का कैप्सूल एअरपोर्ट के बाहर वह डस्ट देना था, जिसे लेने के लिए एंथोनी जो इसका मुख्य संचालक बताया जा रहा है, उसने पांडियन को फोन कर जानकारी दी कि किन्हीं कारणों से वह नहीं आ पा रहा है। उसे रिसीव करने दूसरे दो लोग आ रहे हैं। उसीके बाद एआईयू ने जाल बिछाया और एअरपोर्ट के बाहर से दूसरे दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है।**

## खाना गर्म न करने पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सिर पर लकडी के तख्ते से किया वार... महिला की हालत गंभीर




**ठाणे:** खाना गर्म न होने पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सिर और चेहरे पर लकड़ी के तख्ते से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. यह घटना भिवंडी के खड़ीपार इलाके में सामने आई। महिला के सिर और जबड़े में गंभीर चोटें आई और उसका एक निजी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में इलाज चल रहा है। इस संबंध में निजामपुरा थाने में मामला दर्ज कराया गया है. खड़ीपार के शकील खान चाली में 47 वर्षीय महिला अपने पति और बेटे के साथ रहती है। उसका पति उसे छोटी-छोटी बातों पर पीटता रहता है। शुक्रवार रात करीब 11 बजे उसका पति घर आया। उसे खाना गरम नहीं मिला. इसलिए उसने लकड़ी के तख्ते से उसके सिर और चेहरे पर वार किया। इस पिटाई में उसके सिर से खून बहने लगा. इसके बाद उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# खुद को सीआरपीएफ कर्मचारी बताकर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर की ठगी...

## अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मामला दर्ज




**महाराष्ट्र :** नवनिर्माण सेना के चारकोप विधान सभा प्रभाग के अध्यक्ष दिनेश अनंत साल्वी के नाम पर एक अज्ञात साइबर ठग ने खुद को सीआरपीएफ कर्मचारी बताकर फर्जी खाता खोला और फर्नीचर और अन्य घरेलू सामान बेचने के बहाने उन्हें धोखा दिया। साल्वी की शिकायत के आधार पर चारकोप पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग आशीष कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है. 10 अक्टूबर, 2023 को एक अज्ञात व्यक्ति ने साल्वी का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया और उसके दोस्तों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी।

पैसे की मांग कर उसे बदनाम करने की कोशिश की. फेसबुक अकाउंट पर शख्स ने बताया कि वह उसका दोस्त है और सीआरपीएफ में कार्यरत है।

बताया गया कि ट्रांसफर के चलते वह अपने घर का फर्नीचर और अन्य सामान सस्ते में बेच रहे थे। उसने अपना मोबाइल नंबर दिया था. यह बात संदिग्ध लगने पर दिनेश साल्वी के कई दोस्तों ने उससे पूछा। 9 मार्च को, आशीष कुमार ने अपने परिचितों दिलीप पुंजाजी पाटिल और शकील को एक समान संदेश भेजा और उन्हें अपने बैंक खाते के बारे में बताया। इसके बाद उसने संबंधित बैंक खाते में तीस हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये थे. उन दोनों से यह जानकारी मिलने के बाद दिनेश साल्वी ने चारकोप पुलिस में आशीष कुमार के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com